# यूपी में पांच औद्योगिक शहर बसेंगे

## तैयारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे पांच इंडस्ट्रियल सिटी बनेंगे। इनमें एकीकृत मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर, वेयरहाउस व कलस्टर व अन्य व्यवसायिक परियोजनाएं विकसित होंगी। एक्सप्रेस के किनारे विकसित होने वाले यह सिटी फिरोजाबाद, आगरा, इटावा, कन्नौज व कानपुर में हैं। इनके लिए इन जिलों में आने वाली फतेहाबाद, शिकोहाबाद, सैफई, तिर्वा व बिल्हौर तहसील को चिन्हित किया है। इनमें आने वाले 13 गांव अधिसूचित कर दिए गए हैं।

इस संबंध औद्योगिक विकास विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे के आगरा जिले की फतेहाबाद तहसील के अई, भलखोरा, जलालपुर गांव चिन्हित किए गए हैं। फिरोजबाद के शिकोहाबाद तहसील के धनपुरा, करनपुर, सुजावलपुर, फतेहपुर करखा, इटावा जिले के सैफई तहसील में हरदोई, शिवपुरी टिमरूआ गांव, कन्नौज के तिर्वा के अलीपुर अहाना ठठिया, कानपुर नगर के बिल्हौर के अरौल, बहरामपुर गांव भी अधिसूचित किए गए हैं। इन चिन्हित गांवों की जमीन अधिग्रहण का काम अगले महीने शुरू होगा। कोशिश होगी कि यह सारी जमीन एक स्थान पर ही हो। इससे निवेशकों को बड़ी परियोजनाएं विकसित करने में सहूलियत होगी।



**100** से 500 हेक्टेयर जमीन ली जाएगी

## लाजिस्टिक क्लस्टर के लिए चिन्हित जमीन

| जिले | जमीन हेक्टेयर में |
|---|---|
| फिरोजाबाद | 102 .24 |
| आगरा | 20 |
| इटावा | 110 |
| कन्नौज | 100 |
| कानपुर | 100 |
| अम्बेडर नगर | 145 .36 |
| गोरखपुर | 100 |

## 11 गांव गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चिन्हित होंगे

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे में इंडस्ट्रियल शहर बनेंगे। इसके लिए गोरखपुर की खजनी तहसील के बहादुर बुजुर्ग, बहादुर खुर्द, हरनही, गाजर जगदीश, डडवा, सोनारी शंकर, बहुरीपार बुजुर्ग, अम्बेडकर नगर के जलालपुर के नूरपुर कला, अजमलपुर, गौरी बडाह गांव भी अधिसूचित कर दिए गए हैं।